राष्ट्रपिता के जीवन पर फिल्म दिखाकर विद्यार्थियों को किया जागरुक

राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की 150वीं जयन्ती समारोह के उपलक्ष्य में अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में अनेक गतिविधियों को आयोजन किया गया। इस कड़ी में 25, 26 और 27 सितम्बर, 2019 को गाँधी जी की सम्पूर्ण जीवनी को प्रदर्शित करने वाली फिल्म बी.ए., बी.कॉम., बी.एस.सी. और बी.वॉक. के विद्यार्थियों को दिखाई गई। फिल्म के माध्यम से महात्मा गाँधी के सत्याग्रह, अहिंसा और श्रम के मार्ग का महत्व युवाओं को समझाया गया। इस फिल्म के माध्यम से विद्यार्थियों को स्वतंत्रता संग्राम की जानकारी भी मिली। युवाओं को स्वावलम्बन, स्वाधीनता के साथ-साथ स्वच्छता का मंत्र भी इस फिल्म के माध्यम से मिला। इस कार्यक्रम से 310 विद्यार्थी लाभान्वित हुए। इस कार्यक्रम का संयोजन महाविद्यालय व्राचार्य डॉ. कृष्ण कान्त गुप्ता के दिशा निर्देशन में किया गया। इस आयोजन में किरन आनन्द, पूजा, सुभाष, डॉ. मीनू अग्रवाल और पूनम रौतेला ने विशेष योगदान दिया।